तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 22 मार्च 2024

10 आदर्श आचार संहिता की उल्लघंना होने पर 100 मिनट में होगी कार्रवाई



10 खाद्य उद्योग में रोजगार के बेहतर अवसर, विदेश की ओर रुख न करें युवा



## खबर संक्षेप

### जमीनी विवाद में मारपीट करने का आरोप

**यमुनानगर।** जमीनी विवाद के कारण गांव बाक्करवाला निवासी नरेंद्र कुमार ने अपने दो भाईयों व उनके दो लड़कों पर उसके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार नरेंद्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई मोहनलाल व प्रदीप कुमार उससे जमीनी विवाद के कारण रंजिश रखते हैं।

### तीन महिला नशा तस्करों को काबू कर गांजा बरामद

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यूनिट कुरुक्षेत्र ने गुप्त सुचना के आधार पर तीन महिला नशा तस्करों से मोहन नगर ओवर ब्रिज पूल के नीचे नजदीक हनुमान मंदिर के पास 6 किलो 950 ग्राम गांजा फूल पत्ती बरामद करने में सफलता हासिल की है।

### चोरों ने घर से चुराई 80 हजार रुपये व आभूषण

**यमुनानगर।** साढौरा में चोरों ने दिन दहाड़े घर का ताला तोड़कर 80 हजार रुपये, सोने की तीन अंगूठियां, मोबाइल व अन्य सामान चोरी कर लिया। घटना के समय परिवार के सभी सदस्य अपनी कपड़े की दुकान पर थे। घर लौटे तो गेट व अलमारी का ताला टूटा मिला। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार साढौरा निवासी अमित गेरा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पिता की कपड़े की दुकान है।

### कबूतरबाजी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज कबूतरबाजी के मामले में पुलिस दल ने आरोपी प्रवीण कुमार को गिरफ्तार किया है। अब उसे दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। चौड़मस्तपुर के जय सिंह ने 18 सितंर 2022 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 1 दिसंबर 2018 से 1 अप्रैल 2022 के दौरान आरोपी संदीप कुमार व अन्य ने उसके पुत्र को विदेश भेजने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### कर्मियों ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को लिखा नोटिस

**करनाल।** आंगनवाड़ी वर्कर एवं हेल्पर यूनियन की जिला कमेटी करनाल की ओर से कहा गया कि करनाल जिले में छह सीडीपीओ और एक जिला कार्यक्रम अधिकारी होने चाहिएं, लेकिन पिछले एक महीने से सिर्फ एक सीडीपीओ नीलोखेड़ी के सहारे ही चल रहे महिला एवं बाल विकास के छह ब्लाक व 1450 आंगनवाड़ी केंद्र और पिछले 2 महीने से मानदेय न मिलने और पिछले 8-9 महीने से आंगनवाड़ी केंद्रों में कच्चा राशन नही मिलने से नाराज यूनियन ने जिला कार्यक्रम अधिकारी करनाल को नोटिस लिख दिया।

## नायब सैनी ने लिया लस्सी-गुड़ के साथ बाजरे की रोटी का स्वाद

# सीएम बोले, गांव आकर मिला सुकून व मिट्टी की खुशबू, खींच लाया बुजुर्गों का आशीर्वाद



अंबाला। सीएम नायब सैनी के माथे पर तिलक लगाती मां।



अंबाला। खेड़े पर मत्था टेककर आशीर्वाद लेते हुए सीएम। फोटो : हरिभूमि

### मनोहर लाल ने बड़ी कुर्बानी दी, एक पिता भी बेटे के लिए ऐसा नहीं कर सकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

प्रदेश के नवनियुक्त सीएम नायब सिंह सैनी वीरवार को पहली बार अपने पैतृक गांव मिर्जापुर माजरा पहुंचे। यहां पहुंचने पर ग्रामीणों ने सैनी का भव्य स्वागत किया। इस दौरान ग्रामीण ढोल नगाड़ों की थाप पर जमकर झूमे। ग्रामीणों का कहना था कि पहली बार देश के नक्शे पर उनके कस्बे व गांव का नाम चमका है। इससे पहले सीएम ने खेड़े पर भी मत्था टेककर आशीर्वाद लिया। यहां अपने संबोधन में सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि मनोहर लाल खट्टर ने इतनी बड़ी कुर्बानी दी है कि एक पिता अपने बेटे के लिए नहीं दे सकता। यह सम्मान आप लोगों का है। ग्रामीणों को संबोधित करने से पहले सीएम की मां कुलवंत कौर ने तिलक करके बेटे का स्वागत किया और अपना आशीर्वाद दिया। इस मौके पर लोकसभा प्रत्याशी बंतो कटारिया, राज्यमंत्री असीम गोयल, राज्यमंत्री एवं थानेसर से विधायक सुभाष सुधा समेत अन्य मौजूद रहे।

सीएम नायब सिंह सैनी ने मंच से सांसद स्व. रतन लाल कटारिया को याद किया। उन्होंने कहा कि वे जहां भी हैं उनका आशीर्वाद हमेशा उनके साथ रहेगा। कटारिया ने हमारी अंगुली पकड़कर आगे बढ़ाया है। कटारिया का ऐसा व्यक्तित्व था कि वे खुद गले में ढोल डाल बजाना शुरू कर देते। इतनी खुशी उनके अंदर थी। बता दें कि नायब सैनी ने साल 2009 में भाजपा की टिकट पर नारायणगढ़ ब्लॉक से विधायक का चुनाव लड़ा था,लेकिन तब उन्हें सफलता नहीं मिली थी। हालांकि 2014 में पार्टी ने उन्हें दोबारा मैदान में उतारा। उस समय उन्होंने पूर्व सीपीएच रामकिशन गुर्जर को शिकस्त देकर जीत हासिल की थी। राज्य में उस समय पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बनी थी। सीएम मनोहर लाल ने उन्हें तब सरकार में राज्य मंत्री बनाया था। इसके बाद 2019 में उन्हें कुरुक्षेत्र लोकसभा से टिकट देकर मैदान में उतारा गया। उस समय में उन्होंने पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस के उम्मीदवार निर्मल सिंह को पराजित कर पहली बार सांसद बनने का गौरव हासिल किया था। इसके बाद नायब सैनी लगातार कामयाबी की सीढ़ियां चढ़ते गए। सांसद रहते हुए उन्हें भाजपा का प्रदेशाध्यक्ष बनाया गया।

# नाथीराम की मौत के मामले में दो लोगों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज

- सहारनपुर पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर किया हत्या का केस दर्ज
- सहारनपुर पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज कर मामले को यमुनानगर पुलिस को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

शहर के फव्वारा चौक के पास राजेश भाटिया इंजीनियरिंग वर्कशॉप में करीब एक साल पहले हुई सहारनपुर के नाथीराम की मौत के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। सहारनपुर पुलिस ने यह मामला कोर्ट के आदेश पर दर्ज किया था। सहारनपुर पुलिस ने मामले में जीरो एफआईआर दर्ज कर केस को यमुनानगर पुलिस को भेज दिया। अब शहर यमुनानगर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर जेल चुंगी निवासी राशि ने शिकायत में बताया कि उसके पिता नाथी राम यमुनानगर के फव्वारा चौक के नजदीक ईस्ट भाटिया नगर में स्थित सोनू उर्फ राजेश भाटिया उर्फ शुभम की इंजीनियरिंग वर्कशॉप में दो साल से काम करते थे। तीन अप्रैल 2023 को उसके पिता यह कहकर घर से गए थे कि वह अपनी नौकरी के पैसे लेने जा रहे हैं। उस दिन शाम को वह घर नहीं आए। चार अप्रैल को उनके मोबाइल पर सोनू भाटिया उर्फ राजेश भाटिया का फोन आया और उसे बताया कि उनके पिता की अचानक तबीयत खराब हो गई। जिसके बाद उसे सिविल अस्पताल भर्ती कराया है। इसके थोड़ी देर बाद फिर से फोन आया कि उनके पिता की मृत्यु हो गई और उसका पोस्टमार्टम कराना है। इसलिए जल्द यमुनानगर पहुंचे। उन्होंने यमुनानगर सिविल में आकर देखा कि उनके पिता की आंखें बाहर की और पथराई हुई हैं। उनके गले और मुंह पर चोट के निशान थे। मुंह से खून निकला हुआ था।

### नशीला पदार्थ रखने वालों को 12 साल का कारावास

**कुरुक्षेत्र।** जिला कुरुक्षेत्र के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुरुक्षेत्र रजनीश कुमार शर्मा की एनडीपीएस एक्ट की विशेष अदालत ने नशीला पदार्थ रखने के दोषी हैप्पी उर्फ काला पुत्र कृष्ण कुमार वासी मथाना व राजबीर सिंह उर्फ छोटू पुत्र जय सिंह वासी बपदा जिला कुरुक्षेत्र को 12/12 साल कठोर कारावास व 1/1 लाख रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। जानकारी देते हुए सहायक जिला न्यायवादी श्री राजकुमार ने बताया कि 29 जनवरी 2020 को एंटी नारकोटिक सैल के सहायक उप निरीक्षक नीरज कुमार की टीम एनएच-44 सेक्टर 2/3 कट के पास मौजूद थी। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर हैप्पी उर्फ काला पुत्र कृष्ण कुमार वासी मथाना व राजबीर सिंह उर्फ छोटू पुत्र जय सिंह वासी बपदा जिला कुरुक्षेत्र को ट्रक सहित काबू किया ट्रक की तलाशी लेने पर उनके कब्जा से 01 क्विंटल 35 किलोग्राम डोडा/चूरापोस्त बरामद हुआ था। मामले की नियमित सुनवाई करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीश कुमार शर्मा की एनडीपीएस एक्ट की विशेष अदालत ने गवाहों व सबूतों के आधार पर नशीला पदार्थ रखने के आरोपियों को 12/12 साल कठोर कारावास व 1/1 लाख रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है।

# पुलिस ने लापरवाह वाहन चालकों पर की कार्रवाई

- जीटी रोड पर यातायात पुलिस ने 192 बडे वाहनों के चालान किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत



पीएनपी। जीटी रोड पर लापरवाह वाहन चालक को रोकते हुए ट्रैफिक पुलिस।

पानीपत यातायात पुलिस द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वीरवार को विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के तहत लेन के नियमों का उंल्लघना करने वाले 192 भारी वाहनों के चालान किये। विशेष अभियान के तहत जिला यातायात पुलिस ने जिले में दिल्ली से चंडीगढ़ नेशनल हाइवे पर बाबरपुर ट्रेफिक थाना व पेप्सी पुल के पास एक साथ चेकिंग की। बाबरपुर ट्रेफिक थाना प्रभारी इंस्पेक्टर वेदपाल ने बताया भारी व गति प्रतिबंधित वाहनों को अपनी निर्धारित गति सीमा व बाई लेन में चलाएं।

यदि कोई भी वाहन चालक मोटर वाहन अधिनियम-2017 की धारा 4 के भाग 5 के अन्तर्गत निर्धारित गति सीमा व बाई लेन में ना चलकर नियम की उल्लघंना करता है तो उसका चालान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हाइवे पर अधिकतर दुर्घटनाएं गलत लेन पर चलने वाले भारी वाहनों व ओवर स्पीड की वजह से होती है। भारी वाहन ओवर स्पीड के साथ ही अपनी लेन छोड़कर दूसरी लेन में चल रहे है। नियमों को ना मानने की वजह से हादसे हो रहे है। इंस्पेक्टर वेदपाल ने बताया कि पुलिस अधीक्षक श्री अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा इसी क्रम में भारी वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने व पालना सुनिश्चित करवाने हेतु ट्रांस्पोर्टरों के साथ युनियनों में गोष्ठी का आयोजन कर ड्राइवरों को जागरूक भी किया जा रहा है।

# अर्धजली हालात में मिला व्यक्ति का शव

- सिर में चोट मारकर की गई व्यक्ति की हत्या
- मृतक के हाथ पर लिखा हुआ था अजय व कोमल, नहीं हुई शिनाख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

चौधरी देवी लाल आयुर्वेदिक अस्पताल एवं कॉलेज के सामने खेतों में 40 वर्षीय व्यक्ति का अधजला शव मिला है। हत्यारों ने व्यक्ति की पहले सिर में चोट मारकर हत्या की। इसके बाद उसके शव को कपड़ों में बांधकर खेतों में फेंक आग लगाकर जलाने का प्रयास किया गया। व्यक्ति का शव उल्टा पड़ा हुआ था। उसका पिछला हिस्सा जला हुआ था। मृतक के हाथ पर अजय व कोमल लिखा हुआ है। सूचना मिलने पर शहर जगाधरी थाना प्रभारी नरेंद्र राणा, पुलिस बल व सीन ऑफ क्राइम की टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन किसी ने उसकी शिनाख्त नहीं की। पुलिस ने खेतों के चौकीदार बूड़िया निवासी राकेश कुमार के बयान पर अज्ञात पर हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बूड़िया निवासी राकेश कुमार ने बताया कि चौधरी देवी लाल आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल के सामने मॉडल टाउन निवासी विकास कुमार की जमीन है। कुछ हिस्से में सफेदे के पेड़ लगाए हुए है। वीरवार दोपहर बाद वह खेतों में पानी दे रहा था। शाम करीब चार बजे वह चाय पीने के लिए खेत से चलने लगा। जब वह सफेदे के पेड़ वाले खेत में पहुंचा तो उसने देखा कि कपड़ों में बंधा हुआ एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ था।



यमुनानगर। अर्ध जली हालत में मिले व्यक्ति के शव की मौत के मामले में कार्रवाई करती पुलिस।

### क्या कहते हैं थाना प्रभारी

शहर जगाधरी थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह राणा का कहना है कि मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। उसकी शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। मृतक के हाथ पर अजय व कोमल लिखा हुआ है। मामले की जांच की जा रही है। इसके साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज भी खंगाली जा रही है। जिससे कुछ अहम सुराग मिल सके।

# ऑनलाइन काम का झांसा देकर 17 लाख रूपये ठगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत के हुडा सेक्टर 11 निवासी जतिन, साइबर ठगों का शिकार हो गया। ठगों ने युवक को ऑनलाइन काम देने का झांसा दिया। उसको टास्क देकर रुपए लगवा लिए और मुनाफा भी नहीं हुआ। कुल 17 लाख की ठगी करने के बाद ठगों ने उससे संपर्क तोड़ दिया। वहीं, साइबर थाना पुलिस को दी शिकायत में जतिन ने बताया कि 10 फरवरी को उसके फोन पर एक वॉट्सऐप पर एक मैसेज आया। मैसेज में लिखा था कि मेरा नाम मीरा शर्मा और नैक्सोप डिजिटल मार्केटिंग एजेंसी में बतौर एचआर मैनेजर कार्यरत हूं। उसने उसे जॉब का ऑफर दिया। उसने अनेक मैसेज भेजकर कहा कि उनकी कंपनी ऑनलाइन घर बैठे काफी पैसे कमाने का मौका देती है। आप भी जुड़कर रुपए कमा सकते हैं। जिसके लिए लिंक भेज रहे हैं, सभी हिदायतों का पालन करना होगा। लिंक पर क्लिक कर सिर्फ लाइक करना होगा। इसके बाद ठग ने उसे लिंक भेजने शुरू कर दिए। उनके कहे अनुसार वह क्लिक कर लाइक करता रहा। उनकी हिदायतों के अनुसार उनके पास 150 रुपए से शुरू होकर 8 हजार के लगभग रुपए उसके पास क्रेडिट हुए तो उसका विश्वास बन गया।

# केयू ने जारी की यूजी सेमेस्टर परीक्षाओं की डेटशीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

- परीक्षाओं की डेटशीट संबंधित सूचना महाविद्यालयों के प्राचार्यों को व विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध करवाई जा चुकी

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के निदेर्शानुसार परीक्षा शाखा की संचालन शाखा द्वारा यूजी सेमेस्टर की डेटशीट का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। केयू परीक्षा नियंत्रक डॉ. हुकम सिंह ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय तथा संबंधित महाविद्यालयों की यूजी सेमेस्टर परीक्षाओं का शेड्यूल जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा द्वारा स्वीकृत शैक्षणिक शेड्यूल के मद्देनजर यूजी छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं 1 मई, 2024 व यूजी चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 7 मई, 2024 से शुरू करवाने का निर्णय लिया गया है। डॉ. हुकम सिंह ने बताया कि ऑफलाइन मोड में होने वाली इन सभी परीक्षाओं में भी संबंधित केन्द्रों व संस्थानों में ऑब्जर्वर व केन्द्र अधीक्षक की नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने बताया कि परीक्षाओं की डेटशीट संबंधित सूचना महाविद्यालयों के प्राचार्यों को व विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध करवाई जा चुकी है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. हुकम सिंह ने बताया कि 1 मई से ऑफलाइन मोड में आयोजित होने वाली यूजी परीक्षाओं में बीए (जनरल) व ऑनर्स (सब्सिडरी) छठे सेमेस्टर, बीएससी छठे सेमेस्टर, बीए ऑनर्स छठा सेमेस्टर, बीएससी (ऑनर्स) छठा सेमेस्टर, बीकॉम (जनरल, ऑनर्स व वोकेशनल), बीकॉम बैंकिंग व इंश्योरेंस, बीएससी होम साइंस, बीबीए, बीसीए, बीटीएम, बीएससी फिजिकल ऐजुकेशन, बीएससी हैल्थ एजुकेशन व स्पोर्टस, बीएससी (ऑनर्स) इन्फोर्मेशन टेक्नॉलोजी, बीएससी फैशन डिजाइनिंग, बीए फैशन डिजाइन, बीएससी इंटिरियर व बी.एफ.ए.डी. छठा समेस्टर, बीए (जनरल) व ऑनर्स (सब्सिडरी) छठे सेमेस्टर, बीएससी चौथा सेमेस्टर, बीए ऑनर्स चौथा सेमेस्टर आदि परीक्षाएं शामिल हैं।

# जाली कागजात तैयार करके वीजा के नाम पर धोखाधड़ी के आरोपियो को सुनाई सजा

**कुरुक्षेत्र।** जिला कुरुक्षेत्र के मुख्य न्यायिक मैजिस्ट्रेट सन्दीप कौर जेएमआईसी कुरुक्षेत्र की अदालत ने जाली कागजात तैयार करवाकर वीजा के नाम पर धोखाधडी करने के आरोप में कश्मीर सिंह पुत्र महेंद्र सिंह थाना शाहबाद व गोविन्द पाल पुत्र भगवान दास वासी कैलाश नगर कुरुक्षेत्र तथा तजिन्द्र सिंह पुत्र मोहन सिंह वासी लाडवा को 2/2 वर्ष कठोर कारावास व 2/2 हजार रुपये की सजा सुनाई है। सहायक जिला न्यायवादी विकास गुलिया ने बताया कि शिकायत में सोम सचदेवा कमीशन एजेंट नई अनाज मंडी कुरुक्षेत्र ने बताया कि कश्मीर सिंह पुत्र महेंद्र सिंह ने उसकी आढ़त की दुकान के नाम से जाली जे-फार्म प्रयोग करके अपने लडके को विदेश भेजने के लिए फाईल तैयार करवाकर वीजा के लिए लगवाई है। जिसकी शिकायत पर थाना शहर थानेसर में विभिन्न धाराओ के तहत मामला दर्ज करके जांच उप निरीक्षक भूपेन्द्र सिंह को दी गई। जांच में पाया कि कश्मीर सिंह ने अपने साथियों गोविन्द पाल पुत्र भगवान दास वासी कैलाश नगर कुरुक्षेत्र तथा तजिन्द्र सिंह पुत्र मोहन सिंह वासी लाडवा के साथ मिलकर जाली कागजात तैयार करवाकर वीजा फाईल लगवाई है। सन्यायिक मैजिस्ट्रेट ने गवाहों व सबूतों के आधार पर जाली कागजात तैयार करवाकर वीजा के नाम पर धोखाधडी करने के दोषी कश्मीर सिंह पुत्र महेंद्र सिंह थाना शाहबाद व गोविन्द पाल पुत्र भगवान दास वासी कैलाश नगर कुरुक्षेत्र तथा तजिन्द्र सिंह पुत्र मोहन सिंह वासी लाडवा को आईपीसी की धारा 467 के तहत 2 वर्ष का कारावास व 2 हजार रुपये जुर्माना, आईपीसी की धारा 468 के तहत 2 वर्ष का कारावास व 2 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है।

# पैसे जमा करवाने की बात कहकर दंपति के अकाउंट से निकाले 20 हजार रुपये

- पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

साइबर ठग ने अकाउंट में पैसे जमा करवाने की बात कहकर मोबाइल पर लिंक भेजकर अमरपुरी कॉलोनी निवासी सविता व उसके पति के अकाउंट से 20 हजार रुपये निकाल लिए। बाद में आरोपी ने अपना मोबाइल बंद कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सविता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि एक दिन उसके मोबाइल पर एक नंबर से फोन आया। फोन करने वाले व्यक्ति ने उसे कहा कि वह पूजा के पति बोल रहा है। उसने कहा कि उसके अकाउंट में कुछ दिक्कत आ रही है। वह उसके अकाउंट में पैसे भेज रहा है। तीन-चार दिन बाद वह उससे पैसे ले लेगा। उसने आरोपी की बातों पर यकीन कर लिया। इसके बाद आरोपी ने उसके मोबाइल पर एक लिंक भेजा। जब उसने लिंक खोलकर देखा तो उसके अकाउंट से 10 हजार रुपये कट गए। जब उसने आरोपी को फोन करके कहा कि पैसे अकाउंट में आने की बजाए कट रहे है तो आरोपी ने कहा कि थोड़ी दिक्कत आ रही है। इसके बाद आरोपी ने उसके पति के अकाउंट में पैसे जमा करने के लिए बोला।

इसके बाद उसके पति के अकाउंट से भी 10 हजार रुपये कट गए। जब वह आरोपी के मोबाइल पर कॉल करने लगी तो उसका नंबर बंद मिला। उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## स्थानीय लोगों ने प्रशासन से की गड्ढा भरवाने की मांग

# सड़क निर्माण के दौरान बनाए गढ्डे से घायल हो रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

हरनौल से खेड़ी लक्खा सिंह जाने वाली पीडब्ल्यूडी की नवनिर्मित सड़क पर हरनोल व टोपरा के बीच अधूरे पड़े पुलिया निर्माण के कारण राहगीर हादसों का शिकार हो रहे हैं। दो दिन में चार-पांच राहगीर पुलिया के गड्डे में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। लोगों ने प्रशासन से इस ओर विशेष रूप से ध्यान देने की मांग की है।

स्थानीय निवासी अमन, राजन, राजेश, दीपक, गगन व वेद प्रकाश आदि ने बताया कि हरनौल से खेड़ी लक्खा सिंह तक सड़क निर्माण कार्य चल रहा था। सड़क का निर्माण तो पूरा हो गया था परंतु टोपरा व हरनौल के बीच एक पुलिया बनी हुई है। सड़क रिपेयर के समय कर्मचारियों ने पुलिया की साइड में गड्ढा खोदकर छोड़ दिया है। जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुलिया के पास बने गड्ढे में रोजाना कोई न कोई बाइक सवार गिरकर घायल हो रहा है। बुधवार की रात को रोहित कुमार बाइक से यमुनानगर से अपने गांव गोलनी जा रहा था। पुलिया के पास आते ही सामने से दूसरे वाहन की लाइट लगी। जिससे गड्डा नजर नहीं आया और वह गड्डे में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने उसको उठाकर उपचार के लिए भेजा। इसी तरह एक युवक काबुलपुर व अन्य तीन युवक इस गड्डे की वजह से चोटिल हो चुके हैं। उसके बावजूद भी न तो पीडब्ल्यूडी विभाग कर्मचारी और न ही ठेकेदार के कर्मचारी इसकी तरफ ध्यान दें रहे हैं। उन्होंने सरकार व प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द पुलिया के पास के गड्ढे को भरा जाए।



यमुनानगर। हरनौल-टोपरा सड़क पर अधूरा पड़ा पुलिया निर्माण का कार्य।

## खबर संक्षेप



### खेलकूद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया दम

**करनाल।** गुरु नानक खालसा कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के विद्यार्थियों ने सभी गतिविधियों में बढ चढकर भाग लिया। इस अवसर पर पिपली अनाज मंडी आढती संघ के प्रधान राजीव गोयल मुख्य अतिथि रहे। कॉलेज प्राचार्य डा. गुरिन्द्र सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। खेल विभाग के इंचार्ज डा. देवी भूषण ने इस प्रतियोगिता के सभी प्रबंध किए और मंच का संचालन किया। डीपी वजीर सिंह और सुभाष कोच ने इनका सहयोग किया।



### श्री खाटू श्याम के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**करनाल।** पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में फाल्गुन महोत्सव मनाया जा रहा है। फाल्गुन माह की शुक्ल पक्ष एकादशी पर श्री खाटू श्याम मंदिर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर को लाइटों और श्याम बाबा को फूलों से सजाया गया। सुबह के समय घनश्याम गुप्ता, सुनील गुप्ता व मुख्य सेवक एवं प्रधान देशराज गुप्ता व अन्य सहयोगियों ने निशान पूजा कर निशान यात्रा आरंभ की। मंदिर में सारा दिन भक्तों का तांता लगा रहा। सांय के समय सुप्रसिद्ध भजन गायक श्री वर्मा व हिमांशु सिंगला ने देर रात तक बाबा का गुणगान किया।



### सुरेन्द्र मैहला बने अनाज मंडी निगधु के प्रधान

**निगधू।** निगदू अनाज मंडी में आज आढ़ती एसोसिएसन का चुनाव हुआ। जिसमे सर्वसम्मति से सुरेंद्र मैहला माजरा रोड़ान को चौथी बार आढ़ती एसोसिएसन अनाज मंडी निगधु प्रधान चुना गया। विनोद गर्ग को उप प्रधान, फतेह सिंह राणा को खजांची, सुमित गर्ग को सचिव व सतपाल गुप्ता को मीडिया प्रभारी बनाया गया। सदस्य के रूप में रामचंद्र पाबला, कुलदीप मैहला आंहू, धर्मबीर गोयल, कर्मवीर कौशिक, संदीप जाम्बा, जगदीश सांवत, सोनू दुग्गल, राजबीर बाबा, महिंदर गुप्ता, शेर जंग को जिम्मेदारी दी गई।



### राजकीय महाविद्यालय में लगाया रक्तदान शिविर

**करनाल।** पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय में महाविद्यालय की यूथ रैडक्रॉस सोसायटी, एन.एस.एस., रैड रिबन क्लब, एन.सी.सी. (आर्मी विंग) एवं एन.सी.सी. (एयर विंग) रक्तदान सैंटर सिविल अस्पताल करनाल के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के मुख्यातिथि राजकीय महाविद्यालय घरौंडा के प्राचार्य डा. महेंद्र सिंह व प्राचार्या डॉ. रेखा त्यागी ने रिबन काट कर शिविर का शुभारंभ किया।

### कर्मचारियों को सरकार कर रही परेशान: अनिल

**करनाल।** प्रदेश की सरकार नित नए उल-जलूल नियम लागू करके कर्मचारियों को परेशान करने का कार्य कर रही है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उक्त बयान हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के राज्य कमेटी सदस्य अनिल सैनी, जिला प्रधान रमेश शर्मा व जिला कमेटी सदस्य कृष्ण कुमार निर्माण ने दिया। उन्होंने मांग की कि जल्द ही मनमाने नियमों को वापस लिया जाए वरना आंदोलन किया जाएगा।

## वार्षिक खेलकूद समारोह में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

# बीए प्रथम वर्ष की छात्रा जिया को चुना गया सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी रुचि दिखाकर अपने करियर में चार चांद लगाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

केवीए डीएवी महिला महाविद्यालय में खेल समिति द्वारा दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्या मीनू शर्मा ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के रूप में गणेशदास बीएड कालेज करनाल की प्राचार्या राकेश संधू पहुंची। प्राचार्या मीनू शर्मा ने प्रतिभागी छात्राओ का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेलकूद से शारीरिक व मानसिक विकास के साथ-साथ छात्राओं में मिलजुल कर कार्य करने की प्रवृत्ति भी विकसित होती है। दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, 800 मीटर दौड़, 4 & 400 मीटर रिले रेस, लंबी कूद, चक्का फेंकना, भाला फेंकना, गोला फेंक, मटका दौड़, बोरी दौड़, तीन पैरों वाली दौड़ प्रतियोगिताओं का आयेजन किया गया। बीए प्रथम वर्ष की छात्रा जिया को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। प्राचार्या ने विजेता छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में खेल समिति की संयोजिका डा. सुमन व सदस्याएं डा. मंजू सिंह, सुनीत भंडारी, डा. अनुराधा नागिया, डा. रेणु बालियान, डा. मोनिका सैनी तथा अन्य सभी शिक्षिकाओं ने भी सक्रिय योगदान दिया।





### प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे

100 मीटर दौड़ में जिया ने पहला, मोनिका ने दूसरा व मन्नु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में जिया ने पहला, मोनिका ने दूसरा व श्वेता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में मोनिका ने पहला, मन्नु ने दूसरा व शन्नो ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर दौड़ में मोनिका ने पहला, जिया ने दूसरा व मन्नु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 4 & 400 मीटर रिले रेस में मोनिका, राजलक्ष्मी, शन्नो व मन्नु ने पहला, मुस्कान, श्वेता, तमन्ना व नताशा ने दूसरा तथा जिया, लवप्रीत, साक्षी व कैनम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद में जिया ने पहला, सलोनी ने दूसरा व श्वेता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार डिस्कस थ्रो में सलोनी प्रथम, जिया द्वितीय व दिव्या तृतीय रही। जेवलीन थ्रो में शीतल प्रथम व प्राची द्वितीय रही। शॉटपुट में रिया प्रथम, पल्लवी द्वितीय व सलोनी तृतीय रही। सेक रेस में मुस्कान प्रथम, पल्लवी द्वितीय व प्राची तृतीय रही। थ्री लेगड रेस में जिया व मुस्कान प्रथम, अंजलि व मनु द्वितीय तथा पिंयका व खुशी तृतीय रही। चट्टी रेस में पल्लवी प्रथम, साक्षी द्वितीय व कैनम तृतीय रहीं। शिक्षिकाओं की कुर्सी रेस में मीनू कालरा प्रथम, गुरचरण कौर द्वितीय व मोनिला तृतीय रही। गैर शिक्षक वर्ग कुर्सी रेस में रूपा प्रथम, सुरेश कुमार द्वितीय व अमरदीप तृतीय रहे।

# पूर्व सीएम मनोहर को सौंपा ज्ञापन

- ग्रुप डी से ग्रुप सी का प्रमोशन कोटा 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल से करनाल जिले में ग्रुप डी संघर्ष विकास समिति हरियाणा के राज्य प्रधान रमन शर्मा और पंकज कुमार की अध्यक्षता में यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल मिला। जिसमें रमन शर्मा और पंकज कुमार ने पूर्व मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी मांगे रखी व उनको ज्ञापन दिया। उन्होंने यूनियन को बिल्कुल सकारात्मक जवाब दिया और कहा कि सरकार आपका प्रमोशन जरूर करेगी और वे प्रमोशन के संबंध में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से बातचीत करेंगे। उनकी मांग है कि ग्रुप डी से ग्रुप सी का प्रमोशन कोटा 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत किया जाए, कॉमन कैडर की सीनियरिटी लिस्ट शीघ्र जारी की जाए, केंद्र सरकार की तर्ज पर कर्मचारियों का ग्रेड पे 16900 से बढक़र 18000 किया जाए और कर्मचारियों के साथ हो रहे शोषण पर कठोर कदम उठाया जाए। साथ ही प्रतिनिधि मंडल ने वर्तमान मनोहर लाल जी से मुख्यमंत्री नायब सिंह जी प्रमोशन बारे में मुलाकात करवाने का भी मांग की।



**करनाल।** पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को ज्ञापन सौंपते समिति के सदस्य।



## कच्चे सफाई कर्मचारियों का ठेकेदार ने किया शोषण

**करनाल।** एचएसवीपी कार्यालय में ठेकेदार के अधीन कार्यरत कच्चे सफाई कर्मचारियों का ठेकेदार द्वारा लगातार शोषण किया जा रहा है। पीएफ, ईएसआई जमा करने, समय पर वेतन न देने, वर्दी, बूट व साबुन तेल देने आदि मांगो को लेकर कर्मचारियों ने सेक्टर 12 स्थित कार्यालय में धरना दिया। बीते माह कर्मचारियों ने हड़ताल रखी थी। ठेकेदार ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन देकर हड़ताल समाप्त करवा दी। अभी तक ठेकेदार ने कर्मचारियों के हित में कदम नहीं उठाया। फरवरी की सैलरी अभी तक नहीं दी गई। 19 मार्च से कर्मचारी अपना काम छोड़कर हुडा कार्यालय पर शांति पूर्वक तरीके से बैठे हुए हैं। एचएसवीपी प्रशासन व ठेकेदार कर्मचारियों की अनदेखी कर रहे हैं। इस अवसर पर सर्कल प्रधान सेवाराम बड़सर, सर्कल चेयरमैन शीशपाल राणा, जिला प्रधान गुरविंद्र सिंह, जिला सचिव सुलतान, कैशियर सुलतान, उपप्रधान पवन राणा, सुभाष, कृष्ण कश्यप आदि रहे।

### महाराणा प्रताप उद्यान विवि बनाएगा फूलों से हर्बल गुलाल

**करनाल।** बाजार में आजकल ऐसे रंग आ रहे हैं, जो त्वचा, आंखों, बालों पर गंभीर असर डालते हैं, जो मानवीय स्वास्थ्य के लिए काफी हानिकारक होते हैं। कई बार तो लोगों के सामने अस्पताल तक जाने की नौबत आ जाती है। इन सब बातों को ध्यान रखते हुए महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक विभिन्न फूल-पत्तियों से हर्बल गुलाल तैयार करने में जुटे हैं। इन प्रयासों में वैज्ञानिकों को गेंदे की फूल पत्तियों और चुकंदर से हर्बल गुलाल कुलपति डॉ. सुरेश कुमार मल्होत्रा ने बताया कि महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय का प्रमुख उदेश्य है कि लोगों को किसानों को प्राकृतिक खेती के साथ जोड़ना है।



## होली का त्यौहार हमारी भारतीय संस्कृति से जुड़ा हुआ पर्व है: संदीप गुप्ता

**तरावड़ी।** होली रंगो का त्यौहार है। इस त्यौहार का सारे गिले शिकवे भूल कर मनाना चाहिए। होली के रंग खुशियों के संग हमारी झोली भरने को तैयार है। होली पर्व को लेकर सभी लोगों में काफी उत्साह नजर आ रहा है। आर एल फूडस के एमडी संदीप गुप्ता ने कहा कि होली हमारी भारतीय संस्कृति से जुड़ा हुआ पर्व है। ऐसे में हमें इस बार होली पर्व पर पानी बचाते हुए तिलक लगाकर होली पर्व मनाना चाहिए। देखने में आता है कि होली पर्व के अगले दिन फाग पर कुछ लोग न केवल हुड़दंगबाजी करते हैं, बल्कि जल की भी काफी बर्बादी करते हैं, लेकिन जरूरी नहीं है कि होली त्यौहार पर जल की बर्बादी ही की जाए, होली पर्व अच्छे ढंग से भी मनाया जा सकता है। होली पर्व मनाने को लेकर तरावड़ी के सुनील नारंग, संजू राणा, राजीव गर्ग, गोल्डी शर्मा उद्योगपत्तियों ने भी होली पर्व को मनाने की अपनी राय रखी।

# क्रिकेट मैच में समर्पण टीम विजय

- सद्भावना मैत्री क्रिकेट मैच में खिलाड़ियों ने दिया आपसी सौहार्द व भाईचारे का परिचय

हरिभूमि न्यूज ⏭घरौंडा

भारत विकास परिषद् शाखा घरौंडा द्वारा सद्भावना मैत्री क्रिकेट मैच कार्यक्रम अयोजन महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल घरौंडा के खेल मैदान में शाखा अध्यक्ष विकास सिंगला की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। मैच प्रारंभ करने से पूर्व दो टीम भा वि प सहयोग व भा वि प समर्पण बनाई गई उसके बाद राष्ट्रीय गान गाकर दोनो टीमों के मध्य परस्पर खेल भावना को बनाए रखते हुए सद्भावना मैत्री क्रिकेट मैच प्रारंभ किया गया। भा वि प समर्पण टीम के कप्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का निर्णय लिया और पूरी टीम के जानदार प्रदर्शन से 15 ओवर्स में शानदार 142 रन बनाए। जिनका पीछा करते हुए भा वि प सहयोग की पूरी टीम 120 रन ही बना पाई जिसके उपरांत मैच अंपायर ने समर्पण टीम को विजयी घोषित किया। शाखा अध्यक्ष एवं पूर्व अध्यक्षों द्वारा सभी खिलाड़ियों को सांत्वना पुरस्कार दिए गए तथा द मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार संदीप भाटिया एवं बैस्ट बैट्समैन के पुरस्कार हरीश गर्ग और दीपक शर्मा को और बेस्ट अंपायर के पुरस्कार नीरज कुमार और जुबेर खान को प्रदत्त किए गए। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष विकास सिंगला ने अपने वक्तव्य में इस मैत्री और सद्भावनापूर्ण रूप से खेले गए मैच की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम प्रेम भी बढ़ता है।



# होली का पर्व जीवन में मिठास भर देता है: गोयल

हरिभूमि न्यूज ⏭तरावड़ी

डबल चाबी चावल के निर्माता एवं के एस एग्रो एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के सीएमडी और समाजसेवी ब्रज भूषण गोयल ने कहा कि होली हिंदू धर्म का एक प्रमुख त्यौहार है जिसे फाल्गुन मास में पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। इस त्यौहार में लोग आपस में गिले शिकवे दूर करके एक दूसरे को रंगों से सराबोर कर देते हैं। होली का पर्व हमारे जीवन में खुशियों और मिठास भर देता हैं। होली खतरनाक या हाईजिनक हानिकारक रंगों का उपयोग करना स्वास्थ्य के लिए खतरा हो सकता है ऐसे में अच्छे रंगों का उपयोग करे ताकि किसी के शरीर को कोई नुकसान ना हो। इसलिए हमें होली के खेल को सुरक्षित और प्राकृतिक रंगों से ही खेलना चाहिए। उन्होंने कहा कि होली का महत्व भारतीय संस्कृति परंपरा और रंगीनता का प्रतीक है और यह त्यौहार विश्व भर में लोगों के लिए खास है।



# पूजा राही एंव हर्षिता शर्मा की ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन में हुई नियुक्तियां

- नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने सौंपा नियुक्ति पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन के नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने दिल्ली प्रदेश टीम का विस्तार करते हुए पूजा राही वर्मा को स्टेट चेयरपर्सन दिल्ली एंव हर्षिता शर्मा को स्टेट डायरेक्टर दिल्ली नियुक्त किया। ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन के राष्ट्रीय कार्यालय में नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंप कर अपने पद की गरिमा में रहते हुए मानवाधिकारों की जागरूकता के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन मानवाधिकारों की रक्षा व क जागरूकता के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में जागरूकता सेमिनारों का आयोजन किया जाता है, महिलाओं के साथ घरेलू हिंसा एंव बाल श्रम के लिए विशेष कार्यकम आयोजित किए जाते हैं तथा इस से सम्बंधित मामलों के जरुरतमंदों को सहायता उपलब्ध करवाई जाती है। इस अवसर पर पूजा राही वर्मा एंव हर्षिता शर्मा ने कहा कि मानव अधिकारों को समाज में स्थापित करने के लिए यह जरूरी है कि मानवीय गरिमा और प्रतिष्ठा के बारे में जन-जागरूकता लाई जाए। जागरूकता और चेतना के लिए शिक्षा ही सर्वाधिक उपयुक्त साधन है, इस दृष्टि से शिक्षा के अधिकार के अंतर्गत ही मानावाधिकारों की शिक्षा भी शामिल है।




### स्वयंसेवकों ने दिया जल बचाव का संदेश

**घरौंडा।** राजकीय महिला महाविद्यालय घरौंडा ,बसताड़ा में प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह बागी व कार्यवाहक प्राचार्य नरेश सिंह के दिशा निर्देशन और एनएसएस इकाई के तत्वावधान में सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन का आयोजन किया गया । जिसके अंतर्गत गांव बसताड़ा में जल बचाओ रैली निकाली गई तथा मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. सुरेश शर्मा ,एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ,राजकीय महाविद्यालय घरौंडा ने शिरकत की। कार्यवाहक प्राचार्य नरेश सिंह ने अपने वक्तव्य में छात्राओं से आत्मनिर्भर ,जो सात दिवसीय शिविर का मुख्य विषय है उसके बारे में विस्तार से चर्चा की तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

# मेधावियों को किया गया पुरस्कृत

- गीता मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मनाया गया वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭तरावड़ी

गीता मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा नर्सरी से आठवीं तक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का भी आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक बालकृष्ण त्रिपाठी एवं प्रधानाचार्या रागिनी राय ने माता सरस्वती के चित्र के समक्ष दीपक प्रज्वलित कर और मालयार्पण करके किया। मंच का संचालन सवनीत और नम्रता ने किया। इस समारोह में धर्मपाल गोंदर विधायक, अध्यक्ष वीरेंद्र बंसल,अमित बंसल, चौधरी जसवंत, पंकज शर्मा, नरेंद्र आदि मुख्य अतिथि रहे। विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। समारोह में विद्यालय के विद्यार्थियों को अभिभावकों सहित आमंत्रित किया गया। सभी कक्षाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बालकृष्ण त्रिपाठी, प्रधानाचार्य रागनी राय एवं मुख्य अतिथि ने अपने कर -कमलों द्वारा समृति चिन्ह और मेडल देकर सम्मानित किया और बच्चों और अभिभावकों को बधाई दी ।




**तरावड़ी।** कार्यक्रम मे स्कूल के बच्चों को सम्मानित करते हुये विधायक धर्मपाल गोंदर, नपा अध्यक्ष विरेन्द्र बंसल व बाल किशन त्रिपाठी। *फोटो: हरिभूमि*

## पुलिस ने किए 198 वाहन चालकों के चालान

# वाहन चालकों को बताएं यातायात के नियम

- जिला पुलिस ने लेन चेंज ड्राईविंग के नियमों की उल्लघंना करने वाले वाहन चालको के खिलाफ चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

पुलिस महानिरीक्षक हाईवे एंव यातायात हरियाणा करनाल हरदीप सिंह. के आदेशानुसार व पुलिस अधीक्षक करनाल दीपक सहारन के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा आज बुधवार को लेन चेंज ड्राईविंग के नियमों की उल्लघंना करने वाले वाहन चालको के खिलाफ स्पैशल अभियान चलाया गया। सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू रूप से चलाने के लिए जिला पुलिस ने डीएसपी ट्रैफिक गुरमेल सिंह के निर्देशन में और एसएचओ थाना हाईवे सुरेश कुमार की अध्यक्षता में लेन चेंज ड्राईविंग (बॉई लेन) के नियमों की उल्लघंना करने वाले वाहन चालको के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को आदेश देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात के नियमों की पालना दृढता से करवाई जाए। मोटर वाहन अधिनियम-2017 के तहत बाँई लेन में ना चलकर नियमों की उल्लघना करने पर बुधवार को कुल 198 वाहन चालको के चालान किये गये।पुलिस महानिरीक्षक हाईवे एंव यातायात हरियाणा करनाल हरदीप सिंह. के आदेशानुसार व पुलिस अधीक्षक करनाल दीपक सहारन के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा आज बुधवार को लेन चेंज ड्राईविंग के नियमों की उल्लघंना करने वाले वाहन चालको के खिलाफ स्पैशल अभियान चलाया गया। वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे में जागरुक भी किया जा रहा है।

### नियमों का उल्लंघन करने पर होगी कार्रवाई

जिला ट्रैफिक पुलिस द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी जा रही है। अलग-अलग स्थानों पर पुलिसकर्मी आमजन के बीच रहकर यातायात नियमों की जानकारी दे रहें हैं। बस स्टैंड, आटो स्टैंड, ट्रक युनियन व शैक्षणिक सस्थानों में जाकर भी यातायात के नियमों के बारे में आमजन को जागरुक किया जा रहा है। फिर भी अगर कोई वाहन चालक यातायात के नियमों की उल्लंघना करता है तो उसके खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है। इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

### डीएलएसए ने जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

**थानेसर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायधीश आराधना साहनी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र द्वारा 1 मार्च से जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है और इन जागरुकता शिविरों का आयोजन 31 मार्च तक लगातार किया जाएगा। शिविरों में डीएलएसए द्वारा नालसा और हालसा की विभिन्न स्कीमों पर आमजन को जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में पीएलवी जोगिंद्र कौर द्वारा गांव बडैचपुर लोगों को जागरूक किया गया और उन्हें पंपलेटस बांटे गए।

# मंडी प्रधान पद को लेकर सर्वसम्मति नहीं बनी

हरिभूमि न्यूज ⏭घरौंडा

- अब चुनाव मैदान में दो उम्मीदवार आमने सामने
- कुल 338 वोट ,23 मार्च को होगा चुनाव

नई अनाज मंडी में कच्चा आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान पद का चुनाव सर्वसम्मति से नहीं होगा। अब चुनाव मैदान में दो उम्मीदवार रह गए है। एक्र उम्मीदवार ने अपना नाम वापिस ले लिया है। नई अनाज मंडी में लगभग 338.वोटों पर दोनों प्रत्याशियों की आमने सामने की टक्कर होंगी। बता दे कि बुधवार को नई अनाज मंडी स्थित सामुदायिक केंद्र में कच्चा आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान पद का चुनाव कराने के लिए बैठक बुलाई गई थी । बैठक में प्रधान विनोद जैन ने पुरे वर्ष का लेखा जोखा दिया। उसके बाद प्रधान पद चुनाव की प्रक्रिया शुरू की गई ।

**सूचना**

मैं, देस राज पुत्र मांगा राम निवासी गांव निगदू, सब तहसील निगदू,जिला करनाल से बयान करता हूं कि मेरा लडका विक्रम सिंह व उसकी पत्नी शीतल हमारे कहने-सुनने से बाहर हैं और हमारे साथ लड़ाई-झगडा करते हैं। इसीलिए मैंने उन्हें अपनी चल-अचल सम्पति व जमीन-जायदाद से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनके अच्छे-बुरे कार्यों, इनसे संबंध व अन्य लेनदेन करने वाले की स्वयं की जिम्मेवारी होगी। हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### छात्रों ने शैक्षणिक भ्रमण किया

**पानीपत।** आईबी कॉलेज में प्लेसमेंट और करियर गाइडेंस इकाई एवं मेधा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में सभी कोर्सेस के अंतिम वर्ष के लगभग 50 विद्यार्थियों को केजी एंटरप्राइजेज (टेक्सटाइल रीसाइकलिंग एंड सस्टेनेबिलिटी सर्विसेज), पानीपत का औद्योगिक दौरा करवाया गया। इस दौरे को प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग और प्लेसमेंट एवं करियर गाइडेंस इकाई की ऑफिसर डॉ. अर्पणा गर्ग ने शुभकामनाओं के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### पुलिस टीम ने बाइक चोर किया गिरफ्तार

**पानीपत।** एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस टीम ने फ्लौरा चौक पर रोहित निवासी गांव हुरसेना जिला



अलीगढ, उत्तर प्रदेश हाल किरायेदार गांव रिसालू जिला पानीपत को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार किया है। एंटी व्हीकल थेप्ट इंचार्ज सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि बाइक चोरी की उक्त वारदात बारे थाना चांदनी बाग में उज्वल पुत्र मोहन निवासी न्यू मुखिजा कॉलोनी की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

### सामान चोरी का आरोपी पकड़ा, केस दर्ज

**पानीपत।** थाना शहर पुलिस ने सिविल अस्पताल में अग्निशमन यंत्रों से पीतल का सामान चोरी करने वाले आरोपी चांद पुत्र इशाक निवासी गुरू नानक पुरा, पानीपत को अस्पताल के गेट के पास चोरीशुदा सामान सहित गिरफ्तार किया। वही, थाना शहर प्रभारी इंस्पेक्टर राजबीर सिंह ने बताया कि थाना शहर में सिविल अस्पताल के फायरमैन रवि की शिकायत पर इस बाबत केस दर्ज है।

### आईबी कॉलेज में जागरूकता रैली निकाली

**पानीपत।** आईबी कॉलेज में मुख्य निर्वाचन अधिकारी और भारत के निर्वाचन कमीशन के तहत उच्चतर शिक्षा निदेशालय हरियाणा के निर्देशानुसार एनएसएस और एनसीसी विभाग की तरफ से स्वीप के तहत सभी को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए स्लोगन लेखन प्रतियोगिता, शपथ, मतदान पर भाषण और रैली करवाई गई।

### किमो करनाल के प्रभारी बने दिनेश

**पानीपत।** भाजपा हाईकमान ने दिनेश पुजारा को किसान मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं किसान मोर्चा जिला करनाल का प्रभारी नियुक्त किया गया है। उ वहीं दिनेश पुजारा ने जिम्मेदारी देने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रदेश अध्यक्ष व मुख्यमंत्री नायब सैनी, राज्यमन्त्री महीपाल ढांडा, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सुखविंदर सिंह श्योरान, किसान मोर्चा हरियाणा प्रभारी वेदपाल एडवोकेट व समस्त भाजपा नेतृत्व का धन्यवाद किया।

### दंगा पीड़ितों को आर्थिक सहायता दी

**पानीपत।** हरियाणा सिख गुरूद्वारा मैनेजमैंट कमेटी पानीपत द्वारा वीरवार को 19 फरवरी 1984 को सिख विरोधी दंगें में मारे गए लोगों के परिजनों को 50-50 हजार की सहायता राशि दी गई। कमेटी के सह सचिव स.मोहनजीत सिंह ने सरकार से भी मांग की कि पीड़ित परिवार को सरकार की ओर से भी सहायता की जाए।

---

### वन दिवस पर ग्रीन मैन प्रो. दलजीत ने हर्बल पौधे वितरित किए

# पर्यावरण जितना अधिक होगा मानवता उतनी ही सुखी होगी





**पानीपत।** राजकीय कॉलेज में ग्रीनमैन प्रो दलजीत, सीटीएम टीनू को पौधा भेंट करते हुए तथा आर्य बाल भारती में शिक्षाविद् प्रगति आर्या का स्वागक करते हुए प्राचार्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय वन दिवस पर इको क्लब, रेडक्रॉस क्लब और इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पौधरोपण व श्रमदान अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल संजू अबरोल ने व संचालन इको क्लब प्रभारी ग्रीनमैन सहायक प्रो. दलजीत कुमार ने किया।

वहीं सिटी मजिस्ट्रेट पानीपत टीनू बतौर मुख्यातिथि शामिल हुई। प्रो. दलजीत कुमार ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय वन दिवस पर हर्बल बॉटनिकल गार्डन में अनिल माली व 50 से अधिक विद्यार्थियों के साथ पेड़ों के सुखेपत्ते इकठा करके जैविक खाद केंद्र में डाले गए व पौधों की नुलाई-गुड़ाई की गई। सिटी मजिस्ट्रेट टीनू ने हर्बल बॉटनिकल गार्डन में अंजीर का पौधा रोपित किया। टीनू ने कहा कि जिस प्रकार से वन क्षेत्र घट रहा है उसको बढ़ाने का एकमात्र उपाय अधिक से अधिक पौधे रोपित करना है। पर्यावरण जितना अधिक होगा मानवता उतनी ही सुखी होगी सिटी मजिस्ट्रेट ने पौधरोपण में योगदान के लिए ग्रीनमैन प्रो.दलजीत कुमार, इको क्लब के विद्यार्थियों व प्रिंसिपल संजू अबरोल की तारीफ की।

## प्रकृति का दोहन न करें नागरिक : प्रगति

- आर्य बाल भारती स्कूल में विश्व वन दिवस मनाया गया

**पानीपत।** आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल में विश्व वन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि प्रगति आर्या रही। अध्यक्षता विद्यालय के प्रधान आर्य रणदीप कादियान ने करते हुए कहा कि मानव जीवन का मुख्य लक्ष्य ज्ञान प्राप्त करना है और ज्ञान देने के लिए विद्यालय ही सर्वोत्तम स्थान है। ज्ञान प्राप्त करने के लिए शुद्ध पर्यावरण का होना जरूरी है इसलिए अधिक पेड़ लगाओ और पृथ्वी बचाओ। मुख्य अतिथि प्रगति आर्या ने विद्यार्थियों व टीचर्स से अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाने व उनकी जवान होने तक देखभाल करने की अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण जितना अधिक होगा, मानवता उतनी ही सुखी होगी। वहीं प्रगति ने स्कूल में आयोजित कार्यशाला में पढने और सीखने की जानकारी दी। गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को पढने व उसे सीखने का तरीका भी बताया गया। वहीं इस विषय पर भी चर्चा की गई जिससे विद्यार्थी की रुचि जिस विषय में हो उसे और अधिक रुचि कर बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम विद्यालय में आयोजित होने चाहिए। जिन्हें शिक्षक बहुत बारीकी से सीख कर बच्चों को बारीकी से सीखा सकें। समय-समय पर विचार आदान-प्रदान होने चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार एक शिक्षक आजीवन कुछ ना कुछ सीखता रहता है उसी प्रकार बच्चों में भी सीखने की आदत डालनी चाहिए।

---



**पानीपत।** एसडी कॉलेज में डॉ. अशिमा बजाज को स्मृति चिंह भेंट करते मेजबान।

## एनएसएस के स्वयंसेवी विद्यार्थियों की आंखें जांची

### नेत्र जांच कर मुफ्त में दवाइयां वितरित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

- आंखों को स्वस्थ रखने के लिए भोजन में हरी सब्जियों, फलों, दूध और दुग्ध उत्पादों को शामिल करना चाहिए

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष आवासीय कैंप के चौथे दिन आंखों की जांच के मेगा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे सैकड़ों स्वयं सेवी विद्यार्थियों की आंखों की जांच की गई। कैंप की विधिवत शुरूआत कॉलेज प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा, कॉलेज एनएसएस प्रभारी डॉ. राकेश गर्ग और डॉ. संतोष कुमारी ने की। कैंप की मुख्य अतिथि बजाज ऑय सेंटर से डॉ. आशिमा बजाज रही। जिन्होंने नेत्र जांच कर मुफ्त में दवाइयां भी वितरित की। उनके साथ सावन सैन एवं सलमान ओपीटीएम, अकरम पीआरओ और ओपीडी स्टाफ से शीतल ने कैंप में अपनी भूमिका निभाई। कैंप के उपरांत एनएसएस कार्यकर्ताओं ने राजा खेडी गांव में जाकर सफाई अभियान चलाया और ग्रामीणों को बीमारियों से बचने के नुस्खे बताएं। इधर, डॉ. आशिमा बजाज ने विद्यार्थियों व टीचर्स को आंखों को स्वस्थ्य कैसे रखा जाए इसकी विस्तार से जानकारी दी। जबकि प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने कहा कि हमें आंखों को स्वस्थ रखने के लिए भोजन में हरी सब्जियों, फलों, दूध और दुग्ध उत्पादों को शामिल करना चाहिए। हमें छह से आठ घंटे की आरामदायक नींद लेनी चाहिए। यह हमारी आंखों को प्राकृतिक तरीके से तरोताजा रखने में सहायता करती है। हमें धूल-मिट्टी और सूरज की अल्ट्रावायलेट किरणों से बचने के लिए बाहर निकलते समय अच्छी गुणवत्ता का चश्मा लगाना चाहिए।

---

## आर्य कॉलेज के छह विद्यार्थी मेरिट में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय ने एमए अर्थशास्त्र के तीसरे सेमेस्टर और बीए जनसंचार पांचवें सेमेस्टर के परिणाम घोषित किए जिसमें आर्य कॉलेज के छह विद्यार्थियों ने परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन करते हुए मेरिट सूची में स्थान बनाया व महाविद्यालय का नाम रोशन किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने बताया कि एमए अर्थशास्त्र के तीसरे सेमेस्टर में छात्रा खुशबू ने 392 अंक लेकर दुसरा स्थान, नैन्सी बजाज ने 389 अंक लेकर तीसरा स्थान, श्रुति ने 372 अंक लेकर नौवा स्थान, दीपिका ने 369 अंक लेकर दसवा स्थान हासिल किया। साथ ही छात्रा किननु ने भी मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया। जबकि बी.ए जनसंचार पांचवें सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में छात्रा दिव्या ने 395 अंक लेकर चौथा स्थान हासिल कर विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में अपना स्थान हासिल किया। प्राचार्य डॉ. गुप्ता ने मेधावी विद्यार्थियों को मिठाई खिला कर बधाई व उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया और अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. सतबीर सिंह एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश गाहल्याण समेत सभी स्टाफ सदस्यों को इस खास अवसर पर बधाई दी।



**पानीपत।** आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा के साथ मेधावी छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

## सद्भावन का प्रतीक होते हैं त्यौहार : डॉ. दहिया

- पानीपत मीडिया सेंटर में डीसी, एसपी, पत्रकारों ने फूलों से होली खेली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

मीडिया सेंटर संचालन समिति द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में पत्रकारों ने उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया व पुलिस अधीक्षक अजित सिंह शेखावत के साथ फूलों की होली खेली। वहीं, होली मिलन समारोह का शुभारंभ पत्रकार खुशबू व काजल ने अतिथियों व सभी पत्रकारों को तिलक लगाकर किया। इधर, उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने गीता के एक श्लोक के साथ होली की बधाई देते हुए कहा की मृत्यु अटल सत्य है, इसलिए हमेशा सदाचार कार्य करें। वही, होलिका दहन को बुराइयों का अंत और अच्छाई की जीत माना जाता है। उन्होंने कहा कि होली समेत सभी पर्व सद्भावना का प्रतिक है। सभी को त्यौहार मिलजुल का मनाने चाहिए।

पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी परिवारों में खुशहाली आने के साथ जीवन मंगलमय रहे।

श्री राम दशहरा कमेटी के प्रधान भीम सचदेवा ने होली की शुभकामनाएं देते कहा कि रंगों का त्यौहार होली सबके घर में खुशहाली लेकर आए। मीडिया सेंटर संचालन समिति के प्रधान राकेश भयाना ने सभी को होली पर्व की बधाई दी। वही, मीडिया सेंटर संचालन समिति के संरक्षक विनोद पांचाल ने अतिथियों व सभी पत्रकारों को स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पत्रकारों आदि ने भाग लिया और फूलों की होली खेल कर एक दूसरे के लिए मंगलकामना की।



**पानीपत।** होली मिलन समारोह में डीसी, एसपी को स्मृति चिंह भेंट करते हुए पत्रकार। फोटो : हरिभूमि

---



**पानीपत।** आर्य कॉलेज के एनएसएस के विद्यार्थी सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते हुए।

### आर्य कॉलेज के एनएसएस शिविर में ग्रामीणों को जागरूक किया

**पानीपत।** आर्य कॉलेज के सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन एनएसएस स्वयंसेवकों ने गांव नांगल खेड़ी में विभिन्न गतिविधियों की। सर्वप्रथम सांस्कृतिक कार्यक्रम गांव की चौपाल में प्रस्तुत किया गया। शिवानी, मंगा, अंशु, साहिबा, दीपशिखा, स्वाति एवं तमन्ना ने नृत्य की प्रस्तुति दी। किरन, संजीव, नैन्सी, शिवानी ने कविताओं के माध्यम से देशभक्ति का संदेश दिया। नुक्कड़ नाटक 'मेरा वोट, मेरा अधिकार से गांववासियों को समझदारी से वोट करने के लिए प्रेरित किया। उसके उपरान्त सभी गांववासियों को निष्पक्ष होकर वोट देने की शपथ भी दिलाई। सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद गांववासियों के साथ उनकी समस्याओं के बारे में चर्चा की गई। स्वयं सेवकों ने गांव वासियों समस्याओं से जुड़े कुछ सुझाव से भी दिए। कार्यक्रम में युवा नेता सोमपाल मलिक, सरपंच मेहर सिंह, राम मेहर, भल्ले राम, राकेश मलिक, मोहन, छत्रपाल, राजेश, किरण मलिक, पटवारी सुब सिंह मौजूद रहे। प्रो. मामनी, रंजनी, सोनू ढुल आदि ने बच्चों को प्रोत्साहित किया।

## राजनीतिक दल अपने बैनरों पर धार्मिक स्थलों का फोटों नहीं छपवा सकते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

- लोक सभा आम चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से करवाया जाएगा

लोकसभा आम चुनाव 2024 में समाचार पत्रों, टीवी चैनल व सोशल मीडिया पर प्रकाशित व प्रसारित होने वाली पेड न्यूज पर एमसीएमसी (मीडिया सर्टीफिकेशन व मॉनीटरिंग कमेटी) द्वारा कड़ी नजर रखी जाएगी। मामला संज्ञान में आते ही संबंधित प्रत्याशी को तुरंत नोटिस जारी किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि लोक सभा आम चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि लोकसभा आम चुनाव में प्रत्याशियों द्वारा समाचार पत्रों, टेलीविजन चैनलों, केबल टीवी, सोशल मीडिया, बल्क एसएमएस, वॉइस मैसेज व ई-पेपर आदि में विज्ञापनों के प्रकाशन व प्रसारण से पूर्व एमसीएमसी से अनुमति लेनी अनिवार्य है। प्रत्याशी को नामांकन के दौरान अपने सभी सोशल मीडिया अकाऊंट्स की जानकारी निर्धारित फार्म में भरकर देनी होगी। उन्होंने बताया कि कोई प्राइवेट व्यक्ति किसी प्रत्याशी के पक्ष में विज्ञापन प्रकाशित करवाता है तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि यदि कोई पॉलिटिकल पार्टी या प्रत्याशी रोड शो का काफिला निकालती है तो उससे रोड जाम नहीं होना चाहिए और जहां पर अस्पताल व ट्रामा सेंटर होगा वहां से कोई भी राजनीतिक पार्टी रोड शो का काफिला नहीं निकाल सकेगी। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लादृड स्पीकर का प्रयोग नहीं किया जाएगा।

### चुलकाना धाम के लिए श्रद्धालु रवाना

**पानीपत।** बाबा श्याम सेवा समिति द्वारा वीरवार को प्राचीन श्री देवी मंदिर से चुलकाना धाम बाबा श्याम के दर्शन के लिए दो बसें ढोल बाजे के साथ फूलों की होली खेलते हुए रवाना की गई। जिसमें मुख्य अतिथि प्रमोद मित्तल व ईशु गोयल, रमाकांत मोदी, पूर्व पार्षद सुरेंद्र गर्ग द्वारा बाबा श्याम सेवा समिति के सदस्यों के साथ नारियल फोडकर बस रवाना की गई। इस अवसर पर श्याम भक्तों में हरियाणा पत्रकार संघ के अध्यक्ष विनोद पांचाल, मोहन लाल, धर्मेंद्र इंसा, गोबिंद सैनी, अजय ठाकुर, राजिंद्र पाल, दिनेश मितल, संस्था के वकील ललित आदि मौजूद रहे।

### होशियारपुर एक्सप्रेस ट्रेन से कैश व जेवर चोरी

**पानीपत।** कर्नाटक निवासी सूचिर्था का बैग होशियारपुर एक्सप्रेस ट्रेन से पानीपत रेलवे स्टेशन से चोरी हो गया। पानीपत जीआरपी को दी शिकायत में सूचिर्था ने बताया कि वह अपने दोस्तों के साथ आगरा से लुधियाना के लिए होशियारपुर एक्सप्रेस ट्रेन से सफर कर रही थी। 28 फरवरी को सफर के दौरान पानीपत रेलवे स्टेशन पहुंचने पर उसका बैग चोरी हो गया। बैग में एक मोबाइल फोन, चांदी की चेन, चांदी की चूड़िया, चांदी की बालिया, 2500 रुपये कैश समेत स्मार्ट वॉच, एयरपोड्र्स और अन्य सामान था। जीआरपी ने अज्ञात पर चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### लोस चुनाव रिटर्निंग अफसर ने चारों विधानसभाओं का निरीक्षण किया

**पानीपत।** करनाल के जिला उपायुक्त और रिटनिंर्ग अधिकारी उत्तम सिंह ने वीरवार को पानीपत जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों के विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा किया और मौके पर मौजूद अधिकारियों को मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव की घोषणा होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है और भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश पर सभी मतदान केंद्रों पर सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित होनी बहुत जरूरी हैं। उन्होंने मतदान केंद्रों के साथ-साथ मतगणना केंद्रों का भी दौरा किया। करनाल के उपायुक्त एवं रिटनिंर्ग अधिकारी उत्तम सिंह ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर बिजली, पेय जल, शौचालय सहित सभी मूलभूत सुविधाएं होनी बहुत जरूरी हैं। मतदान केंद्रों पर रैंप भी जरूरी है ताकि मतदाताओं को किसी भी तरह की असुविधा न हो। उनके साथ पानीपत ग्रामीण विधान सभा के एआरओ और एसडीएम पानीपत मनदीप कुमार, इसराना विधानसभा की एआरओ और एसडीएम इसराना ज्योति मित्तल एवं समालखा विधानसभा के एआरओ व एसडीएम समालखा अमित कुमार सहित निर्वाचन कार्यालय के विभिन्न अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### सी-विजिल एप की शिकायतों पर एक्शन लें फ्लाइंग स्क्वायड

**पानीपत।** लोकसभा चुनाव के दौरान चुनावी गतिविधियों की प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के लिए गठित फ्लाइंग स्वायड व अन्य टीमों को डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेंद्र दहिया ने महत्वपूर्ण दिशा निर्देश जारी किए हैं। इस दौरान चुनाव गतिविधियों की मॉनिटरिंग से जुड़ी मोबाइल एप के संचालन को लेकर भी टीमों को पीपीटी के माध्यम से विस्तार से जानकारी प्रदान की गई है। सी-विजिल एप के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि इस एप पर कोई भी नागरिक आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत दर्ज कर सकता है। एप पर दर्ज शिकायत के निराकरण तय समय सीमा निर्धारित किया गया है। उन्होंने सभी फ्लाइंग स्क्वायड के अधिकारियों को सी-विजिल एप की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए तय समय में एक्शन लेने के सख्त निर्देश दिए। डॉ. दहिया ने कहा कि जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा चुनावी गतिविधियों की मॉनीटरिंग सिस्टम को तकनीक के माध्यम से प्रभावी बनाया गया है।

---

**कार्यक्रम** | एसडी कॉलेज में कलाकारों ने चाप सिंह सोमवती सांग का भावपूर्ण एवं हृदय स्पर्शी मंचन किया

## हरियाणवी संस्कृति को जीवंत रखने में सबसे बड़ी भूमिका सांग परंपरा की : देहाती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रायोजित चार दिवसीय रत्नावली युवा सांग महोत्सव का वीरवार को अंतिम दिन मेजबान एसडी पीजी कॉलेज पानीपत के विद्यार्थियों ने चाप सिंह सोमवती सांग की हृदय स्पर्शी प्रस्तुति दी।

समापन समारोह के अतिविशिष्ट अतिथि प्रख्यात लोक संस्कृति कलाकार एवं संगीत नाटक अकादमी, भारत सरकार द्वारा पुरस्कृत, हरियाणा राज्य गीत के रचियता एवं मेहर सिंह सम्मान से सम्मानित डॉ. बाल किशन शर्मा रहे।



**पानीपत।** एसडी कॉलेज में अतिथि को स्मृति चिंह भेंट करते हुए मेजबान। फोटो : हरिभूमि

### डॉ. अनुपम अरोड़ा ने महिलाओं का धन्यवाद किया

विशिष्ट उपस्थिति में डॉ. संजू अब्रोल, प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, पानीपत, जगमहेंद्र सरोहा, मनीष, अनूप कुमार, प्रधान, एसडी एजुकेशन सोसाइटी, पानीपत, ने सांग का अवलोकन किया। मेहमानों का स्वागत कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल और प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने किया। सांग के समापन पर सनातन धर्म कॉलेज पानीपत की प्रतिभागी टीम को 35 हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया। मंच संचालन डॉ. संगीता गुप्ता ने किया। आज के आयोजन का आकर्षण सांग निर्देशक उस्मान और डांस डायरेक्टर प्रकाश मलिक को सम्मानित किया जाना रहा। इधर, प्रेम देहाती ने कहा कि कॉलेज के छात्रों द्वारा किये गए सांग को देखकर उन्हें विश्वास हो गया है की हरियाणवी संस्कृति अब युवा पीढ़ी के सुरक्षित हाथों में है। हरियाणवी सांग परंपरा बहुत पुरानी है और इसी विधा में असली मायने में हरियाणवी संस्कृति के दर्शन और हरियाणवी जन-जीवन की झलक मिलती है। हरियाणवी संस्कृति को जीवंत रखने में सबसे बड़ी भूमिका सांग परंपरा ही निभा सकती है। इधर, प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने पानीपत की जनता और गावों से आये लोगो विशेष तौर पर महिलाओं का धन्यवाद किया।

## खबर संक्षेप

### काव्य संगोष्ठी प्रतियोगिता में मारी बाजी

**अंबाला।** एसए . जैन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में डॉ. पदम सिंह शर्मा ₹कमलेश₹ मेमोरियल हिंदी काव्य संगोष्ठी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इसमें जीएमएन कॉलेज के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए प्रथम एवं द्वितीय स्थान हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने विजेता प्रतिभागियों का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत किया। व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### असीम के राज्यमंत्री बनने पर जताई खुशी

**अंबाला।** नगर निगम कार्यालय में सीनियर डिप्टी मेयर मीना ढींगरा व सुंदर ढींगरा ने असीम गोयल को राज्यमंत्री बनने पर बधाई दी। लड्डू बांटकर खुशी भी मनाई गई।
भाजपा वरिष्ठ नेता सुंदर ढींगरा ने कहा कि असीम गोयल राज्यमंत्री बने है यह अंबाला की जनता का सौभाग्य है। ढींगरा ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार जताया।

### कार्यशाला का हुआ आयोजन

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में जनसंचार व पंजाबी विभाग एवं संस्कृत विभाग के संयुक्त तत्वाधान में₹ फ्रॉम शाय टू शाइन :पर्सनेलिटी डिवेलपमेंट विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया ।कार्यशाला में मुख्य वक्ता के तौर पर कलाश्री के डायरेक्टर टीएस दुग्गल एवं अशोक लहरी ने शिरकत की ।कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने मुख्य अतिथियो का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर पुष्पगुच्छ देकर स्वागत कर, आभार व्यक्त किया।

### विज ने इलेक्टोरल बांड को लेकर कांग्रेस को घेरा

**अंबाला।** पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस द्वारा इलेक्टोरल बांड को लेकर उठाए गए सवालों पर पलटवार करते हुए कहा कि पहले यह (कांग्रेस) अपना तो बताए। विज वीरवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

### कबूतरबाजी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पंजोखरा में दर्ज कबूतरबाजी के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी कर्ण को गिरफ्तार किया है। अब उसे चार दिन के रिमांड पर लिया है। पीड़ित महिला ने 3 जनवरी 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 1 जनवरी 2022 से 18 नवंबर 2022 के दौरान आरोपी कर्ण व अन्य ने विदेश भेजने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी करने का अपराधिक कार्य किया है।

### आरोपी को किया शामिल, जांच

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर मे दर्ज किशोर से दुर्व्यवहार के मामले में पुलिस ने आरोपी जागीर खान को शामिल जांच किया है। पीड़िता के पिता ने 15 जनवरी 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 14 जनवरी 2024 को आरोपी जागीर खान ने उसके पुत्र से दुर्व्यहार करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

# 'घर-घर कांग्रेस' अभियान को हम हर घर और गली तक लेकर जाएंगे

- पूर्व मंत्री निर्मल सिंह ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना, कहा प्रदेश को मजबूत बनाने वाली सरकार चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अंबाला। हर घर कांग्रेस अभियान के दौरान लोगों से मुलाकात करते पूर्व मंत्री निर्मल सिंह व चित्रा सरवारा। फोटो : हरिभूमि

कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री निर्मल सिंह ने वीरवार को अंबाला शहर के बलदेव नगर व आस पास के इलाकों में 'घर-घर कांग्रेस, हर-घर कांग्रेस' अभियान की शुरुआत की। इस दौरान एक डोर टू डोर कार्यक्रम में लोगों से मुलाकात भी की। इसी कड़ी में छावनी में कांग्रेस नेत्री चित्रा सरवारा ने छावनी के पल्लेदार मोहल्ले व आस पास के इलाकों में घर घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान के दौरान लोगों से कांग्रेस की नीतियों से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि घर-घर कांग्रेस, हर-घर कांग्रेस एक जनसंपर्क अभियान है जिसके अंतर्गत कांग्रेस की टीमें घर-घर जा कर पार्टी के संकल्प,राहुल गांधी की सोच और 'न्याय' की सोच हर किसी तक पहुंचाएगी। हर घर में नीतियों पर चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के लिए समर्थन मांगा।

घर-घर में जहां लोगों से मुलाकात की तो सामने से जनता ने बेरोजगार युवाओं,टूटी सड़कों और बढ़ती महंगाई के चलते भाजपा सरकार पर रोष व्यक्त किया। निर्मल सिंह ने कहा की पूरा प्रदेश बीजेपी-जेजेपी के कुशासन, भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी और बढ़ते अपराध से परेशान है। जो कांग्रेस की हुड्डा सरकार के समय देश के सबसे सुरक्षित राज्यों में गिना जाता था वो हरियाणा अब अपराध में नंबर-1 है। विकास में 17वें नंबर पर और महंगाई, बेरोजगारी,नशा,अपराध और भ्रष्टाचार में 1 नंबर पर है।रोजाना चेन स्नैचिंग, चोरी, लूटपाट की घटनाएं आम बात हो गई है। रिकार्ड तोड़ बेरोजगारी की वजह से युवा दूसरे प्रदेशों या विदेश में पलायन कर रहे हैं। बड़ी तादाद में नौजवान नशे व अपराध के दलदल में फंसते जा रहे हैं। अब जनता कांग्रेस को सत्ता में लाने के लिए बेसब्री से चुनाव का इंतजार कर रही है। कांग्रेस नेत्री चित्रा सरवारा ने कहा की प्रदेश को मजबूत बनाने वाली सरकार चाहिए जो सिर्फ कांग्रेस में ही संभव है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के संकल्प बताते हुए कहा कि हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनने पर 6000 रुपये बुढ़ापा पेंशन देंगे। हर परिवार को 300 यूनिट मुफ्त बिजली देंगे। हर गृहणी को 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर,कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन,गरीब,पिछड़े, दलित परिवारों के लिये 100-100 गज के मुफ्त प्लॉट की योजना दोबारा शुरु होगी,इंदिरा आवास योजना के तहत मकान बनवाने के लिए साढ़े 3 लाख रुपये की किश्त भी सरकार देगी। कच्ची भर्ती नीति खत्म कर रिजर्वेशन, पेंशन के साथ पक्की भर्ती शुरु होगी। किसानों को एमएसपी की गारंटी देंगे। केंद्र में कांग्रेस पार्टी की सरकार आने पर अग्निपथ योजना समाप्त करेंगे।

## चुनाव आयोग की हिदायतों की अनुपालना के तहत ड्यूटी का निर्वहन करें अधिकारी

# आदर्श आचार संहिता की उल्लघंना होने पर 100 मिनट में होगी कार्रवाई

### जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन ने नोडल अधिकारियों को दी जरूरी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अंबाला। नोडल अधिकारियों की मीटिंग लेते जिला निर्वाचन अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. शालीन ने वीरवार को अपने कार्यालय में लोकसभा आम चुनाव को लेकर नोडल अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान सभी अधिकारियों की ड्यूटी लगाई। साथ ही सभी को बारीकी से जानकारी देते हुए चुनाव आयोग की हिदायतों की अनुपालना के तहत ड्यूटी का निर्वहन करें।

डॉ. शालीन ने ने अधिकारियों को चुनाव के तहत पोलिंग पार्टी की तैयारी कैसे करनी है, सैक्टर ऑफिसर, सैक्टर मजिस्ट्रेट, फ्लाइंग स्कवायड , वीडियो सर्विलांस टीम तैयार करने की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सभी सैक्टर अधिकारियों के साथ सैक्टर मजिस्ट्रेट के शैड्यूल बनाकर उन्हें प्रशिक्षण दिलवाने के आदेश दिए। एआरओ व एईआरओ इस कार्य में लीड करें। ईवीएम व वीवीपैट से संबंधित जो प्रक्रिया है उस बारे भी जानकारी दें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह भी बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शुरू किए गए सी विजल एप के माध्यम से आदर्श आचार संहिता की उल्लंघना की शिकायत अब आम नागरिक भी इस पर दर्ज करवा सकता है। सीविजल एप पर शिकायत आने के बाद जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त की गई टीम मौके पर जाकर कार्रवाई करेगी। सी विजल पर जो शिकायत प्राप्त होगी 100 मिनट के अंदर उसका समाधान किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्वीप एक्टीविटी के तहत कहा कि जिले में अतिरिक्त उपायुक्त को नोडल अधिकारी लगाया गया है, इसके साथ-साथ सभी खंडों के बीईओ को स्वीप एक्टीविटी के तहत मतदान बारे आमजन को जागरूक करने का काम किया जायेगा ताकि सभी मतदान के प्रति और लोग जागरूक होकर लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी अहम भूमिका निभा सकें।

स्वीप एक्टीविटी के तहत मतदान केन्द्रों पर सूचना पट्ट चश्पा हो, जिस पर मतदान केंद्र का नाम, संख्या, बीएलओ का नाम व मोबाईल नम्बर अंकित हो। मतदान के दिन मतदाता को आधार कार्ड व वोटर कार्ड के साथ अन्य जो आवश्यक दस्तावेज में से एक कोई भी दस्तावेज साथ ले जाए, उस बारे जानकारी दें ताकि उसे मतदान करने में आसानी हो। उन्होने यह भी कहा कि नामांकन प्रक्रिया शुरू होने से पहले अपनी वोट बनवा सकता है। इस दौरान किसी की वोट काटने का काम नहीं किया जाएगा। चुनाव के दौरान जिस पुलिस कर्मचारी या अधिकारी जोकि यमुनानगर, पंचकूला, अंबाला से संबध रखते हैं और उनमें से उनकी तैनाती अंबाला में है तो ऐसे पुलिस कर्मचारी या अधिकारी ईडीसी प्राप्त कर सकते हैं ताकि मतदान के दिन जहां उनकी ड्यूटी हो, वे भी अपने मत का प्रयोग कर सकें।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह भी कहा कि चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्वक तरीके से करवाने बारे भी तैयारियां की जा रही हैं। पुलिस द्वारा अर्धसैनिक बलो की टुकडियों के साथ-साथ गृहरक्षी (होमगार्ड) के जवानों की तैनाती की जाएगी। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम बिजेंद्र सिंह, एसडीएम यश जालुका, एसडीएम सतिंद्र सिवाच, आरटीए सुशील कुमार, चुनाव तहसीलदार संदीप कुमार, डीएसपी रमेश कुमार, डीडीपीओ दिनेश शर्मा के साथ-साथ नोडल अधिकारी भी मौजूद रहे।

#### आचार संहिता की उल्लंघना पर होगी कार्रवाई

संवेदनशील व अति संवेदनशील बूथों की वास्तविकता को जानते हुए वहां पर अलग से पुलिस की तैनाती की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि आदर्श आचार संहिता की यदि कहीं पर उल्लंघना पाई जाती है तो नियमानुसार कार्रवाई का प्रावधान है। रोड़ शो के दौरान यदि कोई गाड़ी /वाहन बिना परमिशन के पाया गया तो उसे इंपाउंड भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मतदाता को अपने मत से सम्बन्धित कोई भी जानकारी चाहिए तो वह वोटर हेल्पलाइन नंबर ऐप पर अपने पंजीकृत मोबाईल के माध्यम से अपने मत की तथा उसका कौन सा बूथ है उसकी जानकारी ले सकता है। इसके साथ-साथ चुनाव कार्यालय अंबाला शहर में कंट्रोल रूम कमरा नम्बर 101, 102 स्थापित किया गया है। 1950 भी सैटअप किया गया है, जिस पर चुनाव प्रक्रिया से जुड़े जो भी कार्य है उसकी जानकारी ली व दी जा सकती है।

## होली पर हुड़दंगियों की खैर नहीं चप्पे-चप्पे पर होगी पुलिस की नजर

- होली के त्यौहार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करवाने के लिए पुलिस की ओर से सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

त्यौहारों पर अक्सर हुड़दंग करने वालों पर पुलिस की नजर रहेगी। जिला के सभी थाना.चौकी प्रभारियों को होली के त्यौहार को शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए सुरक्षा के मद्देनजर कड़े दिशा.निर्देश जारी किए गए हैं। होली के मद्देनजर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए चप्पे.चप्पे पर निगरानी व सतर्कता के साथ गश्त करने के कड़े निर्देश जारी किए गए हैं। नशे में धुत होकर हुड़दंग करने वालों से पुलिस कड़ाई से निपटेगी। पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिंह रंधावा ने कहा कि होली पर किसी तरह का हुड़दंग ना हो इसके लिए बदमाशों पर कार्रवाई की जाए। ऐसे बदमाश जो अक्सर त्योहारों पर ही बदमाशी करते हुए कानून व्यवस्था और शांति का माहौल खराब करने का प्रयास करते हैंए उन्हें चिन्हित करते हुए कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी थाना प्रभारी ऐसे बदमाशों की लिस्ट को अपडेट करें। ऐसे बदमाशों के बारे में पूरी जानकारी रखते हुए उन पर कार्रवाई करें। इस तरह से उन्होंने थाना प्रभारियों को आगामी त्योहार को देखते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा.निर्देश दिए।बदनियती से हुड़दंग करनेए किसी तरह की अफवाह फैलाने अथवा शांति भंग करने की नियत से जानबूझकर कानून का उल्लंघन करने वाले शरारती असामाजिक तत्वों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।


अंबाला। नशे के खिलाफ छात्रों को जागरुक करते पुलिस अधिकारी।

## नशे के खिलाफ छात्रों को किया जागरुक कहा नशे से बर्बाद हो रही है युवा पीढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ओर से नशे के खिलाफ छात्रों को जागरुक किया गया। जागरुकता अभियान अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह के दिशा निर्देश पर चलाया जा रहा है। एसपी नितिका गहलोत एवं जगबीर सिंह अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है तो दूसरी और नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम चलाकर युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने का पाठ पढ़ाया जा रहा है। इस कड़ी में वीरवार को गर्वनमेंट सीनियर सैकेंडरी स्कूल बलदेव नगर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य सतबीर सिंह व योगराज शर्मा की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। ब्यूरो के सह उप निरीक्षक संदीप कुमार व फूल कुमार ने स्कूल में विद्यार्थियों को नशे के प्रारम्भ होने से लेकर उसके परिणाम तक की कहानी विस्तारपूर्वक बताते हुए कहा कि नशा मनुष्य के लिए अच्छा होता तो सबसे पहले हमारी मां हमें सेवन के लिए देती। जो वस्तु मां ने हमें सेवन के लिए नहीं दी, पिता ने खाने पीने को नहीं कहा, वह हमारे लिए विष के समान है। विभिन्न उदाहरण और काव्य एवं गायन द्वारा उन्होंने प्रतिबंधित नशे के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि इनका उत्पादन, सेवन, क्रय विक्रय और तस्करी नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक एक्ट के अंतर्गत दंडनीय अपराध है।


अंबाला। कार्यशाला में सुधीर ग्रोवर का स्वागत करते हुए शिक्षक।

### छात्रों को वैदिक गणित और गणित संबंधी समस्याओं को तेजी से हल करने के सूत्र बताए

**अंबाला।** अंबाला छावनी के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में कंप्यूटर साइंस विभाग व प्लेसमेंट प्रकोष्ठ द्वारा ₹वैदिक गणित ₹ पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला में पेट्रन कॉलेज प्राचार्य संजय शर्मा तथा को-पेट्रन डॉ. देशराज बाजवा रहे । कार्यशाला के मुख्य वक्ता इंफो मैथ्स स्टडीज के डायरेक्टर सुधीर ग्रोवर रहे। कार्यशाला में कॉलेज के सौ से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यशाला में विद्यार्थियों को वैदिक गणित द्वारा गणित संबंधी विभिन्न समस्याओं को तेजी से हल करने के सूत्र बताए गए । कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए उप प्राचार्य डॉ. बाजवा ने प्लेसमेंट सेल व कंप्यूटर साइंस विभाग के सभी सदस्यों को बधाई दी ।

## व्यक्तित्व विकास शिविर में हिस्सेदारी कर रहे छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- मुरलीधर डीएवी स्कूल में आयोजित किया जा रहा है शिविर, कई गतिविधियों में हिस्सा ले रहे हैं छात्र


अंबाला। व्यक्तिगत विकास शिविर में हिस्सेदारी करते छात्र।

मुरलीधर डीएवी पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा संपन्न होने के बाद वीरवार को व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर 30 मार्च तक चलेगा। इस शिविर में कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के लगभग 60 छात्रों ने भाग लिया। छात्रों के लिए यह शिविर निशुल्क किया गया गया है। इस शिविर का उद्घाटन समारोह विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. आरआर सूरी द्वारा किया गया। विद्यालय की कोऑर्डिनेटर सुदेश व वंदना ने प्रधानाचार्य को ओउम पट पहनाया व पुष्प गुच्छ प्रदान कर उनका स्वागत किया। इस व्यक्तित्व विकास शिविर मे विभिन्न क्रिया-कलाप नृत्य, संगीत,योग, आर्ट क्राफ्ट, वैदिक मैथ्स, अबेकस, फन गेम्स, रचनात्मक क्रियाएं आदि है। इनमें छात्र हिस्सा लेकर अपने व्यक्तित्व मे विकास कर सकते हैं। ये सभी क्रियाकलाप अनुभवी अध्यापको व कोच और कोऑर्डिनेटर सुदेश व वंदना के मार्गदर्शन मे हो रही है। प्रथम दिन डॉ आर आर सूरी ने छात्रों को कुछ नया सीखने के लिए प्रेरित किया और उन्होंने कहा कि छात्र वार्षिक परीक्षाएं होने के बाद बिल्कुल फ्री हो जाते हैं।

### पेशी के दौरान स्नेचिंग के आरोपी ने फरार होने का किया प्रयास, सुरक्षाकर्मी के साथ हाथापाई भी की

**अंबाला।** पेशी के दौरान एक आरोपी ने पुलिस हिरासत से फरार होने का प्रयास किया। इस दौरान आरोपी ने सुरक्षाकर्मी को जान से मारने की धमकी दी भी। अब पुलिस ने उसके खिलाफ केस दर्ज किया है। दरअसल चेन स्नेचिंग के आरोप में पकड़े गए आरोपी हन्नी को सुरक्षाकर्मी पेशी के लिए कोर्ट नंबर-1 के सामने बक्शी खाना के पास पहुंचे थे। यहां आरोपी ने कहा कि उसे छोड़ दो, जब उसने नहीं छोड़ा तो आरोपी हन्नी ने भागने की नीयत से उससे अपना हाथ छुड़वाने की कोशिश की। आरोपी ने सुरक्षाकर्मी के साथ हाथापाई भी करने का प्रयास किया। इसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने आरोपी को बक्शी खाना मे बंद कर दिया। इसके पश्चात सिपाही ने चौकी नंबर-5 पुलिस को इसकी शिकायत सौंपी। इसके आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## एजुकेशनल फेस्ट में मुख्यअतिथि ने छात्राओं से किया आग्रह

# खाद्य उद्योग में रोजगार के बेहतर अवसर, विदेश की ओर रुख न करें युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अंबाला। एजुकेशनल फेस्ट में स्टालों का अवलोकन करते हुए मुख्यअतिथि व अन्य।

अंबाला छावनी के आर्य गर्ल्ज कॉलेज में करियर गाइडेंस सैल एवं एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान से एजुकेशनल फेस्ट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 35 संस्थानों ने भाग लिया और कॉलेज में स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न स्टाल लगाए गए। इस कार्यक्रम में मुख्यअतिथि सरदार गुरबख्श सिंह और प्रोडक्सन हाउस के ऑनर तथा कपिल मदान, स्वाबलंबी भारत से गेस्ट ऑफ ऑनर रहे। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनुपमा आर्य ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। प्राचार्या ने कहा कि एजुकेशन फेस्ट के माध्यम से छात्राओं को अपने भविष्य के लक्ष्य चुनने में बहुत सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक क्षेत्र में सफलता व उन्नति के शिखर पर पहुंचने के लिए ज्ञानर्जन अति आवश्यक है। कुछ पंक्तियों के माध्यम से उन्होंने कहा ''इंसान वो नहीं जो चेहरे से दिखे, इंसान वो है जो सोच से दिखे''। उन्होंने कहा कि जिस काम में काम करने की हद पार न हो, वो काम किसी काम का नहीं। मुख्यातिथि सरदार गुरबख्श सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मेहनत में सफलता है और आनंद भी। लड़कियां ही समाज में बदलाव ला सकती हैं। उन्होंने युवा वर्ग को विदेश में न जाकर अपने देश में ही कार्य व बिजनेस सैटअप करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि खाद्य उद्योग में बहुत से अवसर हैं। उन्होंने फूड क्वालिटी के ऊपर फोकस करने के लिए कहा और छात्राओं को अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि लड़कियों की मेहनत ने रंग दिखाया है और हर क्षेत्र में सिक्का जमाया। आने वाला समय आपका है और साथ ही उन्होंने कहा कि कॉलेज चड़दी कला में रहे। इस तरह की शुभकामनाएं महाविद्यालय को उन्होंने दी। इस एजूकेशन फेयर में कंपनियों के द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। प्लेसमेंट ड्राइव के लिए विभिन्न कंपनियों जैसे क्रोसलैंड एजूकेशन एंड करियर, रामाडा, जिरकपुर, बार्बी क्यूनेशन, प्यूमा, मुत्थुट फाइनेंस, जॉब कोच, विद्या ज्योति एडुवर्सिटी, डिग्गी एम्कर्टस और एचडीएफसी लाइफ आदि ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में 80 छात्राओं ने साक्षात्कार दिया जिसमें 39 छात्राओं का चयन किया गया। इसमें 15 जॉब कोच के द्वारा इंश्योरेंस और हॉस्पिटेलिटी में 20, एचडीएफसी लाइफ व 4 स्कोलार्स के द्वारा चयन किया गया। इसके साथ-साथ स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए मिलेट्स व मिलेट्स से बने पदार्थों की स्टाल भी लगाई गई। इसके माध्यम से छात्राओं में स्वरोजगार स्कील्स को बढ़ाने का कार्य किया गया। इस कार्यक्रम का सफल आयोजन करियर गाइडेंस सैल व एनएसएस यूनिट्स के संयुक्त तत्वावधान से संपन्न हुआ।